RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 27 अगस्त 2022 | वर्ष 04 | अंक 115 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# शिवसेना ने मराठा संगठन संभाजी ब्रिगेड के साथ किया गठबंधन

## उद्धव ठाकरे ने किया एलान...!

**मुंबई :** शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को मराठा संगठन संभाजी ब्रिगेड के साथ पार्टी के गठबंधन की घोषणा की। ठाकरे ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है जब उनके नेतृत्व वाली पार्टी एकनाथ शिंदे के विद्रोह और महाराष्ट्र में सत्ता खोने के असर से जूझ रही है। यहां संवाददाताओं से बात करते हुए ठाकरे ने कहा कि संभाजी ब्रिगेड के साथ गठजोड़ वैचारिक है और संविधान व क्षेत्रीय गौरव को बनाए रखने के लिए यह गठबंधन बनाया गया है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की विचारधारा का पालन न करने के लिए भाजपा की आलोचना की और कहा कि संभाजी ब्रिगेड में विचारधारा के लिए लड़ने वाले लोग शामिल हैं। ठाकरे ने इस आरोप से भी इनकार किया कि उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को 'कॉन्ट्रैक्ट सीएम' कहा था। शिवसेना प्रमुख ने आगे कहा कि वह दशहरे के आसपास राज्य का दौरा करेंगे और अभी वह संगठन के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।



**पिछले दो महीने में कई पार्टियों ने संपर्क किया : ठाकरे**

उन्होंने कहा कि पिछले दो महीनों में कई पार्टियों ने उनसे संपर्क किया, जिनका शिवसेना के साथ वैचारिक संबंध था और यहां तक कि वे भी जो इसके धुर विरोधी थे। उन्होंने कहा कि ये पार्टियां क्षेत्रीय गौरव और क्षेत्रीय दलों को बचाने के लिए एकसाथ आना चाहती हैं। संभाजी ब्रिगेड के प्रमुख मनोज अखरे ने कहा कि संगठन ने 2016 में अपनी राजनीतिक शाखा बनाई थी। उन्होंने कहा कि दोनों दलों ने एक साथ आने और निर्बाध कामकाज के लिए एक समन्वय समिति (कॉ-ऑर्डिनेशन समिति) नियुक्त करने का फैसला किया है।

# आदित्य ठाकरे और असलम शेख के नेतृत्व में हुआ 1,000 करोड़ का घोटाला

## - भाजपा नेता सोमैया

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र भाजपा के नेता किरीट सोमैया ने शुक्रवार को दावा किया कि पूर्व कैबिनेट मंत्री आदित्य ठाकरे और कांग्रेस के असलम शेखर 1,000 करोड़ रुपये के स्टूडियो घोटाले में शामिल थे। सोमैया ने कहा कि दोनों कथित तौर पर मुंबई के उत्तरी मलाड उपनगर के मध-मार्वे इलाके में तटीय विनियमन क्षेत्रों (कॉस्टल रेगुलेशन जोन) का उल्लंघन करके एक फिल्म स्टूडियो के निर्माण से जुड़े थे, जो दिन अधिकारियों के साथ साइट का दौरा करते थे। पूर्व लोकसभा सांसद ने संवाददाताओं से कहा, फरवरी 2021 में महाराष्ट्र पर्यावरण मंत्रालय द्वारा कॉस्टल रेगुलेशन जोन में एक फिल्म के सेट के लिए अनुमति दी गई थी जिसका नेतृत्व उस समय आदित्य ठाकरे कर रहे थे। हालांकि, कॉमर्शियल



फैसिलिटी के साथ एक सीमेंट-कंक्रीट स्ट्रक्चर सामने आया।

सोमैया ने आरोप लगाया, जुलाई 2021 में स्ट्रक्चर को ध्वस्त करने के आदेश के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई और नागरिक निकाय (सिविक बॉडी) ने अक्टूबर 2022 तक स्टूडियो का विस्तार किया। स्टूडियो और कॉमर्शियल फैसिलिटी 1,000 करोड़ रुपये का घोटाला है। जिस इलाके में कथित स्टूडियो बना है वह कांग्रेस विधायक असलम शेख के विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जो पहले ही इन आरोपों से इनकार कर चुके हैं।

# किशोरी पेडनेकर ने क्या कहा...क्या मुंबई गड्ढे मुक्त हो गयी है?

**मुंबई :** पिछले कुछ दिनों से सुबोध भावे के कार्यक्रम 'बस बाई बस' की काफी चर्चा हो रही है। जी मराठी चैनल पर नए सीरियल 'बस बाई बस' में महिला कलाकार और राजनेता हिस्सा ले रहे हैं, इस बार उनसे अन्य महिलाओं के मन से सवाल पूछे जा रहे हैं। ऐसे ही अनोखे कॉन्सेप्ट के साथ कार्यक्रम का समन्वय सुबोध



भावे कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में इस राष्ट्रवादी पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस, भाजपा विधायक पंकजा मुंडे जैसी कई दिग्गज महिलाओं ने हिस्सा लिया। अब इस कार्यक्रम में मुंबई की पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने पार्टी और राजनीति पर खूब बातें की। इतना ही नहीं, उन्होंने मुंबई नगर निगम के मामलों के बारे में भी बताया।

# नवनीत राणा और उनके पति को अदालत से मिली राहत...!

## मुंबई पुलिस के ये याचिका की खारिज

**मुंबई :** निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा को दी गई जमानत रद्द करने की मांग वाली मुंबई पुलिस की याचिका को एक विशेष अदालत ने खारिज कर दिया है। विस्तृत आदेश में विशेष अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड में ऐसी कोई बात नहीं रखी गई जिससे यह संकेत मिले कि जमानत की शर्त का उल्लंघन करने पर मामले की मेरिट या सुनवाई प्रभावित होगी। बता दें कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के निजी आवास पर हनुमान चालीसा का जाप करने की घोषणा करके कथित रूप से सार्वजनिक



अव्यवस्था पैदा करने का प्रयास करने के लिए राणा दंपति पर देशद्रोह सहित कई आरोप लगाए गए थे. दंपति को 23 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था और 4 मई को जमानत दे दी गई थी। अदालत ने उन्हें जमानत देते समय मामले से संबंधित विषयों पर प्रेस को संबोधित नहीं करने का निर्देश दिया था. अदालत के आदेश में कहा गया था कि शर्तों के किसी भी उल्लंघन पर उनकी जमानत रद्द कर दी जाएगी. मुंबई पुलिस ने उनके द्वारा मीडिया को दिए गए बयानों का हवाला दिया, जिन पर पुलिस ने दावा किया कि उन्होंने शर्तों का उल्लंघन किया और गवाहों को धमकाया. अदालत ने अपने आदेश में कहा कि ''यह अभियोजन पक्ष का मामला नहीं है कि उपरोक्त बयानों के कारण, जांच में बाधा आ रही है. यह बताने के लिए कोई सामग्री रिकॉर्ड पर नहीं रखी गई है कि मामले या मुकदमे का कोई बाधा आएगी.

# महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख जेल में हुए बेहोश, जेजे अस्पताल ले जाया गया

**मुंबई :** भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख शुक्रवार को कारागार में ही बेहोश गए। पूर्व मंत्री को बेहोश होने के बाद मुंबई के सरकारी जेजे अस्पताल में ले जाया गया है। जेल के एक अधिकारी ने बताया कि भ्रष्टाचार के एक कथित मामले में यहां आर्थर रोड जेल में बंद देशमुख को चक्कर आया और वह बेहोश हो गए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता ने सीने में दर्द की शिकायत की। उन्होंने बताया कि उनका रक्तचाप बढ़ा हुआ पाया गया और ईसीजी रिपोर्ट असामान्य थी। अधिकारी ने बताया



कि देशमुख का अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है। देशमुख को पहले नवंबर 2021 में प्रवर्तन निदेशालय ने और बाद में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में हैं। में तत्कालीन मुंबई पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह ने आरोप लगाए थे कि देशमुख ने पुलिस अधिकारियों को शहर के रेस्टोरेंट और बार से 100 करोड़ रुपए प्रतिमाह जुटाने के लिए कहा था। बीते साल अप्रैल में एक वकील की तरफ से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने CBI को शुरूआती जांच के आदेश दिए थे। सीबीआई ने अपनी जांच के आधार पर देशमुख के खिलाफ FIR दर्ज की थी। पिछले महीने विशेष सीबीआई अदालत में डिफॉल्ट बेल के लिए पहुंचे महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख को झटका दिया था। कोर्ट ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। देशमुख भ्रष्टाचार मामले में राहत चाहते थे। खास बात है कि कोर्ट ने मामले में दो और आरोपियों की याचिका को खारिज किया।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### 50 खोखे का नारा

महाराष्ट्र विधानमंडल के मानसून सत्र के आखिरी दिन यहां विधान भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विपक्ष के नेता अजित पवार ने कहा कि 50 खोखे.. एकदम ओके का नारा गांव-गली तक पहुंच गया है और इससे शिंदे गुट के विधायकों को खासा दर्द हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिवेशन के दौरान विपक्ष ने संयम दिखाया, इस वजह से कामकाज सुचारू रूप से चला। शिंदे गुट और विपक्ष के विधायकों के आपस में भिड़ने पर अजित पवार ने कहा कि इससे महाराष्ट्र विधानमंडल की परंपरा को लेकर शंका पैदा हुई। हम इस विषय को बढ़ाना नहीं चाहते थे। उन्होंने कहा कि 50 खोखे..एकदम ओके का नारा गांव-गांव तक जा पहुंचा है और इसकी वेदना शिंदे गुट को हुई है। सत्ताधारी दल विधानभवन की सीढ़ियों पर नारेबाजी नहीं करते, लेकिन वे नारेबाजी करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे विधानपरिषद में काम करने की अपेक्षा अपनी पार्टी पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। उनकी पार्टी पर जो संकट आया है, वे उससे निपटने की कोशिश कर रहे हैं।

वे गणेशोत्सव के बाद महाराष्ट्र दौरा पर जाने वाले हैं। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे अधिवेशन के दौरान केवल एक दिन विधानभवन पहुंचे थे, लेकिन उन्होंने सदन के कामकाज में भाग नहीं लिया था। ठाकरे महाविकास आघाड़ी की बैठक में शामिल होने के लिए विधानभवन पहुंचे थे। एक सवाल के जवाब में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि महाविकास आघाड़ी की बैठक में मिलकर चुनाव लड़ने पर चर्चा हुई। शिवसेना, कांग्रेस और राकांपा मिलकर चुनाव लड़ना चाहते हैं, जहां भाजपा की ताकत अधिक है, वहां मिलकर चुनाव लड़ा जा सकता है, जहां भाजपा कमजोर है, वहां कांग्रेस-राकांपा और शिवसेना के बीच मुकाबला हो सकता है। कांग्रेस-राकांपा की सरकार के वक्त भी हमने एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ा था। उन्होंने कहा कि हमने किसानों को लेकर लगातार मांग रखी, लेकिन सरकार ने संवेदनशीलता नहीं दिखाई। शिंदे सरकार के गठन के बाद रोजाना तीन किसान खुदकुशी कर रहे हैं। एक किसान ने मुंह में बिजली का करंट लगाकर खुदकुशी की, ऐसा महाराष्ट्र में कभी नहीं हुआ, हालांकि यह केवल 50 दिन में नहीं हुआ। हम सरकार में थे तो इसमें हमारा भी दोष है। नेता प्रतिपक्ष ने विधायकों के लिए आचार संहिता बनाने की बात पर जोर दिया।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# महाराष्ट्र से जम्मू कश्मीर तक भूकंप के झटके

## जानें रिक्टर स्केल पर कितनी रही तीव्रता और क्या हुआ नुकसान

देश में महाराष्ट्र से लेकर जम्मू-कश्मीर तक भूकंप के झटके महसूस किए जाने की खबर है. वहीं, अफगानिस्तान के काबुल में भी धरती हिली. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, महाराष्ट्र में रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीवता 3.9 और कश्मीर में 3.4 मापी गई. जम्मू-कश्मीर में आज तड़के भूकंप के झटके महसूस किए गए. कटरा से 62 किलोमीटर दूर उत्तर-पूर्व-उत्तर में भूकंप के झटके महसूस किए गए.

महाराष्ट्र में कोल्हापुर से 171 किलोमीटर पूर्व में रात के 2:21 बजे 3.9 तीव्रता का भूकंप आया. भूकंप का असर जमीन से 10 किलोमीटर नीचे तक रहा. कश्मीर में तड़के 3:28 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए, जहां भूकंप की गहराई जमीन से पांच किलोमीटर नीचे तक बताई गई. वहीं, अफगानिस्तान के काबुल में रात 2:55 बजे 4.3 तीव्रता का भूकंप आया. यहां पर भूकंप का असर जमीन से 80 किलोमीटर नीचे गहराई में रहा.




जम्मू कश्मीर में पिछले तीन दिन में 10 बार भूकंप के झटके महसूस किए जाने की खबर है. बुधवार की रात को भी जम्मू कश्मीर में एक घंटे के भीतर दो बार धरती हिली थी. बुधवार रात को घाटी में पहला भूकंप रात 11:04 बजे आया, रिक्टर स्केल पर जिसकी तीव्रता 3.2 मापी गई थी. दूसरा भूकंप रात 11:52 बजे 4.1 तीव्रता का आया. मंगलवार को सात बार भूकंप आया. इनमें तीन भूकंप का केंद्र उधमपुर, तीन का डोडा और एक का केंद्र किश्तवाड़ रहा. रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.6 से लेकर 3.9 तक मापी गई. बता दें कि रिक्टर स्केल पर भूकंप तीव्रता ज्यादा न होने के कारण घाटी में नुकसान नहीं हुआ. फिलहाल इन जगहों पर भूकंप के कारण पैदा हुए हालात पर और अपडेट आना बाकी है.

## राज्य के इस विभाग का अपने कर्मियों के लिए आदेश

## कहा- फोन पर हेलो की जगह बोलें वंदे मातरम

**मुंबई।** महाराष्ट्र के वन विभाग ने गुरुवार को एक आदेश जारी कर अपने कर्मियों से सरकारी कामकाज से संबंधित फोन आने पर 'वंदे मातरम' बोलकर जवाब देने की अपील की. इस आदेश/ सरकारी प्रस्ताव से कुछ दिन पहले नवनियुक्त संस्कृति एवं वन मंत्री सुधीर मुंगंतिवार ने सभी सरकारी अधिकारियों को अपने कार्यालयों में फोन रिसीव करने पर 'हेलो' के स्थान पर ' वंदे मातरम ' कहने का निर्देश दिया था. सरकारी प्रस्ताव में कहा गया है, ''वन विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मियों से अपील की गयी है कि सरकारी कामकाज के सिलसिले में आम लोगों या जन प्रतिनिधियों के फोन रिसीव करते समय हेलो की जगह वंदे मातरम बोलें.'' मुंगंतिवार ने पहले कहा था, '' हम आजादी के 76 वें साल में कदम रख रहे हैं. हम अमृत महोत्सव मना रहे हैं. इसलिए, मैं चाहता हूं कि अधिकारी फोन पर हेलो के बजाय 'वंदे मातरम' कहें.''

बता दें कि इससे पूर्व मुनगंटीवार ने कहा था कि देश अमृत महोत्सव (स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ) मना रहा है, लिहाजा राज्य सरकार के सभी अधिकारियों को अगले साल 26 जनवरी तक कार्यालयों में फोन कॉल उठाने के बाद हैलो के बजाय ''वंदे मातरम'' कहना होगा. उन्होंने कहा था कि साल 1800 में जब टेलीफोन अस्तित्व में आया, तब से हम फोन पर हैलो शब्द से ही बातचीत शुरू करते हैं




लेकिन अब महाराष्ट्र में सभी कार्यालयों में सरकारी कर्मचारी वंदे मातरम से बात शुरू करेंगे. उनके इस फैसले पर कई मुस्लिम संगठनों ने आपत्ति जताई थी. मुंबई की रजा एकेडमी ने इस पर ऐतराज जताते हुए कहा था कि हम सिर्फ अल्लाह की इबादत करते हैं, इसलिए वंदे मातरम की जगह कोई और विकल्प दिया जाए, जिसके बाद उन्होंने कहा कि वंदे मातरम की जगह देशभक्ति को इंगित करता कोई भी शब्द इस्तेमाल किया जा सकता है.

## औरंगाबाद-उस्मानाबाद का नाम बदलने को मंजूरी






**मुंबई।** औरंगाबाद का नाम संभाजीनगर और उस्मानाबाद का नाम बदलकर धाराशिव रखने के प्रस्ताव को विधानसभा में मंजूरी प्रदान की गई। इसके पहले कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई थी। इसके बाद गुरुवार को विधानसभा में इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा नवी मुंबई में निमार्णाधीन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को डीबी पाटिल का नाम देने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। औरंगाबाद और उस्मानाबाद का नाम बदलने का प्रस्ताव दो बार कैबिनेट बैठक में आया। तत्कालीन महाविकास आघाड़ी सरकार ने अपनी अंतिम कैबिनेट बैठक में दोनों शहरों के नाम बदलने के प्रस्ताव को मंजूर किया गया था। इसके बाद राज्य में बनी एकनाथ शिंदे-देवेंद फडणवीस सरकार ने भी इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। सरकार का कहना था कि पहले की सरकार ने अल्पमत में रहते हुए यह फैसला लिया था, ऐसे में उसे दोबारा इस प्रस्ताव को मंजूर करना पड़ा।

## अपने निजी फायदे के लिए आरे के मेट्रो कारशेड का विरोध

**मुंबई।** विधान परिषद में एक बार फिर गुंजा आरे कारशेड का मुद्दा गुरुवार को मानसून सत्र के आखिरी दिन शिवसेना सदस्य मनीषा कायंदे ने ध्यानकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से आरे मेट्रो कारशेड का मुद्दा उठाया था जिसमे उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में सामाजिक संस्थाओ और विपक्ष के विरोध के बावजूद सरकार क्यों आरे में मेट्रो कारशेड निर्माण के लिए दोबारा हरी झंडी दे दी है.


पर्यावरण बचाने का हवाला देते हुए सदस्य ने आरे की जगह कांजुरमार्ग में कारशेड स्थापित करने की मांग की.सदस्य के जवाब में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मेट्रो कारशेड के निर्माण कार्य के दौरान पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया और जंगल में पेड़ो को काँटा जा रहा है यह सिर्फ अफवाह




है.न्यायालय के आदेश बाद एक भी आरे का पेड़ नहीं काटा गया.बिना नाम लिए शिवसेना पर निशाना साधते हुए डिप्टी सीएम ने कहा की जंगल से पैदा होने वाली आर्थिक का फायदा कौन ले रहा है यह जनता जानती है.आरे की जंगल से बड़े पैमाने पर आर्थिक लाभ लिया जाता है.

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें वे-रोकटोक
मुंबई : शनिवार 27 अगस्त 2022





# बॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर ने तोड़ी चुप्पी

## कहा- वो स्टोरी बता रहें हैं और हम...



**मुंबई**,बॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर हर मुद्दे पर अपनी राय रखने से पीछे नहीं हटते हैं. जिसकी वजह से वह हमेशा सुर्खियों का हिस्सा बने रहते हैं.अनुपम खेर की दो फिल्में इस साल रिलीज हुई हैं. उनकी द कश्मीर फाइल्स और कार्तिकेय 2 दोनों ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा बिजनेस करने वाली फिल्मे हैं. इस समय बॉक्स ऑफिस पर बॉलीवुड की जगह साउथ की फिल्में धमाल मचा रही हैं. जिसकी वजह से दोनों इंडस्ट्री को लेकर लोगों में बहस छिड़ी हुई है. कई सेलेब्स इस मुद्दे पर अपनी राय रख चुके हैं. अब इस लिस्ट में दिग्गज एक्टर अनुपम खेर भी शामिल हो गए हैं. अनुपम खेर ने कहा है कि साउथ फिल्में कंटेंट पर ध्यान रखते हैं वहीं बॉलीवुड फिल्मे स्टार्स पर फोकस करते हैं.

अनुपम खेर हाल ही में फिल्म कार्तिकेय 2 में नजर आए थे. इस तेलुगू फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर आमिर खान की लाल सिंह चड्ढा और तापसी पन्नू की दोबारा को पीछे छोड़ दिया है. कार्तिकेय 2 में निखिल सिद्धार्थ लीड रोल में नजर आए हैं. अनुपम खेर ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में साउथ इंडियन फिल्म की अप्रोच की तारीफ की है.

निखिल ने कहा कि हमे ऑडियन्स पर ध्यान रखना चाहिए और उनकी उनके मुताबिक फिल्में बनानी चाहिए। इसमें अनुपम खेर ने कहा- 'आप ऑडियन्स के लिए चीजें बनाते हैं. जब आप ऑडियन्स को नीचे देखते हुए सोचते हैं कि आप अच्छी फिल्म बनाकर उनपर उपकार कर रहे हैं तभी से प्रॉब्लम शुरू हो जाती है. अभी आप अच्छी फिल्म देख रहे हैं. अच्छी फिल्म सभी की कोशिश से मिलकर बनती है, ये मैंने तेलुगू फिल्मों से सीखा है. मैंने एक और तेलुगू फिल्म की है. मैंने तमिल भाषा में भी फिल्म की है और मलयालम फिल्में भी करने वाला हूं.' अनुपम खेर ने आगे कहा- 'मैं दोनों के बीच अंतर नहीं कर रहा हूं, लेकिन मुझे लगता है कि उनका सिनेमा रेलिवेंट है क्योंकि वे हॉलीवुड की नकल नहीं कर रहे हैं. वे कहानियां सुना रहे हैं, यहां हम सितारे बेच रहे हैं.'

# चीन के सायबर ठग

## लाखों भारतीयों का डाटा चुराया



**मुंबई,** ऐप के जरिए झटपट लोन देने के बाद ठगी और ब्लैकमेलिंग किए जाने के मामलों की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं। फर्जी लोन एप्लिकेशन के माध्यम से चीन के सायबर ठग हिंदुस्थानियों से न सिर्फ करोड़ों रुपए की ठगी कर चुके हैं बल्कि लाखों हिंदुस्थानियों का डाटा भी चुरा लिए हैं। जांच एजेंसियों को शक है कि भविष्य में चुराए गए इन डाटा का गलत इस्तेमाल किया जा सकता है। देशविरोधी गतिविधियों में भी इनका उपयोग किया जा सकता है। फेक लोन ऐप में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और खंगाले गए डाटा में जांच एजेंसियों को तकरीबन ढाई लाख से ज्यादा लोगों के मोबाइल नंबर, आधार, पैन, बैंकिंग ट्रांजेक्शन, कोड तक हैक कर उन डाटा को चीन और हॉन्गकॉन्ग के किसी सर्वर बैंक में छुपाकर रखने की जानकारी मिली है।

ढाई लाख लोगों की निजी जानकारियों की चोरी की शुरूआती जांच के दौरान यह बात उभरकर सामने आई है, जिसे अलग-अलग रूट्स एक-एक फाइल के रूप में स्टोर करते हुए चाइनीज ठगों तक पहुंचाया गया और फिर वो डाटा एक ऐसे सर्वर बैंक में स्टोर किया गया है, जिसका इस्तेमाल कभी चाइनीज हैकर्स वापस करते हुए आपके एकाउंट पर हाथ साफ कर सकते हैं। प्रॉक्सी वॉर के लिए भी इन डाटा का इस्तेमाल दोनों देशों का संबंध बिगड़ने पर कर सकते हैं। वहीं अर्थव्यवस्था तोड़ने के लिए भी फाइनेंशियल अटैक के लिए इन डाटा का इस्तेमाल किया जा सकता है।

# गणेशोत्सव के दौरान स्कूलों परीक्षा नहीं!



**मुंबई**, राज्य में ३१ अगस्त से ९ सितंबर के बीच गणेशोत्सव के दौरान स्कूलों में लिखित और मौखिक परीक्षा नहीं कराई जाए। इस आशय का निर्देश शिक्षा विभाग के उपनिदेशक संदीप सांगवे ने जारी किया है। बता दें कि पिछले सप्ताह युवासेना सीनेट सदस्यों की ओर से मांग की गई थी कि गणपति में स्कूल और कॉलेज की परीक्षाएं आयोजित न हों। उल्लेखनीय है कि कई कॉन्वेंट स्कूल गणेशोत्सव के दौरान टेस्ट परीक्षा आयोजित करते हैं। चारों ओर उत्सव का माहौल रहता है, जबकि छात्र पढ़ाई में व्यस्त रहते हैं। वहीं परीक्षाएं उत्सव की खुशी को बिगाड़ देती हैं। इसलिए स्कूलों और कॉलेजों द्वारा गणेशोत्सव से पहले या बाद में परीक्षा आयोजित किए जाने की मांग युवासेना की तरफ से की गई थी। इस मांग पर संज्ञान लेते हुए शिक्षा उपनिदेशक सांगवे ने गुरुवार को स्कूलों के लिए लिखित निर्देश जारी किया है। ८ सितंबर, २०१५ को जारी शासनादेश के तहत स्कूलों को धार्मिक त्योहारों के दौरान छात्रों को अल्पकालिक अवकाश देने और इस अवधि के दौरान परीक्षा आयोजित नहीं करने का आदेश दिया गया है।


# 29 अगस्त को नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश करेंगे सत्ता संघर्ष की सुनवाई



**मुंबई**, महाराष्ट्र के सत्ता संघर्ष की लड़ाई महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गई है। इस मामले में कल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी थी लेकिन एक बार फिर सुनवाई टल गई। मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमन्ना आज शुक्रवार २६ अगस्त को सेवानिवृत हो रहे हैं। इसलिए इस मामले की अगली सुनवाई २९ अगस्त को देश के नए मुख्य न्यायाधीश उदय ललित के समक्ष होने की संभावना है। महाराष्ट्र में सत्ता संघर्ष को लेकर शिवसेना और शिंदे समूह की ओर से सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गई हैं। इन सभी याचिकाओं पर मुख्य न्यायाधीश रमन्ना की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय खंडपीठ के समक्ष सुनवाई हो रही थी। मंगलवार को कोर्ट ने इस मामले को पांच सदस्यीय संवैधानिक खंडपीठ के पास भेजने की बात कही थी। साथ ही अदालत की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि केंद्रीय चुनाव आयोग के समक्ष चल रहे मामले को लेकर २५ अगस्त को फैसला लिया जाएगा। इसलिए गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में क्या होगा, इस पर राज्य सहित पूरे देश की निगाहें टिकी हुई थीं।

मुख्य न्यायाधीश रमन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने महाराष्ट्र के राजनीतिक पेंच के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष मौजूद प्रकरण पांच सदस्यीय संवैधानिक पीठ के पास भेजा जाएगा, ऐसा स्पष्ट किया है। लेकिन यह संविधान पीठ कब से बैठेगी? इस संवैधानिक पीठ में कौन-कौन होगा? वे कब काम करना शुरू करेंगे, इसे लेकर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है।

# टेक्सास की महिला ने भारतीयों को धमकाया, लगाए 'भारत वापस जाओ' के नारे



सोशल मीडिया में इन दिनों एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें टेक्सास के प्लानो में सिक्सटी वाइन रेस्तरां के बाहर एक महिला को रेस्तरां की पार्किंग में भारतीय-अमेरिकी महिलाओं के खिलाफ नस्लवादी टिप्पणी करते हुए देखा जा सकता है। साढ़े पांच मिनट के इस वीडियो में महिला एक व्यक्ति के चेहरे पर वार करती हुई और घटना को अपने मोबाइल फोन में कैद करना वाली दो महिलाओं को देखा जा सकता है। उसने गोली मारने की भी धमकी दी है। प्लानो पुलिस की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक, महिला का नाम एस्मेराल्डा अप्टन है। उसे गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। महिला पर शारीरिक चोट और आतंकवादी धमकी देने का आरोप लगाया गया था। आपको बता दें कि इस मामले में जांच जारी है। इस घटना को पुलिस ने एक घृणित अपराध के तौर पर लिया है। वीडियो को सबसे पहले बुधवार देर रात फेसबुक पर शेयर किया गया। इसके बाद गुरुवार को रेडिट पर 'प्लानो में कल रात कुछ भारतीय दोस्तों के साथ घटना' शीर्षक से एक पोस्ट में वायरल हो गया। इस वीडियो अप्टन वहां खड़ी महिलाओं से 'भारत वापस जाने' के लिए कहती है। इसके बाद महिला दावा करती है कि वह मैक्सिकन अमेरिकी है। उसका कहना है कि इन चार महिलाओं का समूह अमेरिकी नहीं है। वहीं, दूसरे खेमे की महिलाओं में से एक ने भी अपनी टिप्पणी से पलटवार किया। उसने कहा, 'यदि आप मैक्सिकन हैं तो आप मेक्सिको वापस क्यों नहीं जाते?' इस पूरे घटनाक्रम को अपने कैमरे में कैद रही महिला पर अप्टन भड़क जाती है। इस दौरान वह उनपर वार भी करती है। साथ ही गोली मारने की धमकी भी देती है।

काउंसिल ऑन अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशंस (सीएआईआर) ने गुरुवार को एक बयान जारी किया। इसमें कहा गया कि संगठन ने कानून प्रवर्तन को जांच करने और अप्टन के खिलाफ आरोप लगाने के लिए कहा है। सीएआईआर के कार्यकारी निदेशक फैजान सैयद ने कहा, 'प्लानो में चार भारतीय-अमेरिकी महिलाओं के खिलाफ कथित शारीरिक हमले का स्तर वास्तव में भयावह है। इस प्रकार की घृणा का उत्तरी टेक्सास में कोई स्थान नहीं है। हम इस घटना की जांच करने के लिए आह्वान करते हैं।'

www.rokthoklekaninews.com facebook@rokthoklekhani youtube@rokthoklekhani twitter@rokthoklekhani

### मुंबई पुलिस कंट्रोल को फिर आया मैसेज, इसके पहले पाकिस्तान के नंबर से आया था धमकी भरा मैसेज...

# 26/11 जैसे हमले से सतर्क रहने की दी सलाह, जांच शुरू

**पुलिस संदेश भेजने वाले अज्ञात व्यक्ति की तलाश में जुटी...**

**मुंबई:** मुंबई पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल रूम में दोबारा एक नया मैसेज आया है। हालांकि इस बार धमकी नहीं बल्कि सतर्क रहने वाला संदेश भेजा गया है। संदेश में कहा गया है कि सोमालिया में कुछ दिनों पहले 26/11 जैसा ही हमला हुआ था। ऐसा ही हमला मुंबई और भारत में दोबारा ना हो। इस बात का ख्याल रखा जाए। संदेश भेजने वाले अज्ञात शख्स की तलाश मुंबई की तरफ से की जा रही है। बता दें कि यह मैसेज भी एक विदेशी नंबर से भेजा गया है। पुलिस इस बात की जांच में जुटी है कि आखिर यह शख्स कौन है और उसने यह मैसेज अब क्यों किया है?

**कुछ दिन पहले आयी थी धमकी**

कुछ दिन पहले ही पाकिस्तान के कोड वाले मोबाइल नंबर से शुक्रवार रात एक वॉट्सऐप मेसेज भेजकर मुंबई में 26/11 जैसा हमला करने की धमकी दी गई थी। इसके बाद मुंबई पुलिस ने मुंबई में हाई अलर्ट कर दिया है। पुलिस को मिले इस मेसेज में कहा गया था कि छह लोग भारत में हैं, जो इस काम को



अंजाम देंगे। इस धमकी के बाद मुंबई पुलिस हाई अलर्ट हो गई है। सुरक्षा एजेंसियों को भी अलर्ट किया गया।

**प्रॉक्सी नंबर का शक**

मुंबई पुलिस को लगता है कि यह प्रॉक्सी नंबर है। पुलिस ने इस ऐंगल से जांच शुरू की है कि इस नंबर को किस इंटरनेट से यूज किया गया है। चूंकि धमकी देने वाले वाले ने वॉट्सऐप मेसेज में भारत में अपने छह साथी होने का दावा करते हुए उनके नंबर भी पुलिस को भेजे, इसलिए भी पुलिस को यह प्रॉक्सी नंबर ही लग रहा है, क्योंकि कोई सरगना या आतंकवादी संगठन अपने साथियों के नंबर शेयर करके तो उन्हें फंसाना नहीं चाहेगा। मुंबई क्राइम ब्रांच ने शनिवार को वसई से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ चल रही है। वरली पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है और केस सीआईयू को ट्रांसफर किया जा रहा है।


**क्या था धमकी भा मेसेज**

मुंबई पुलिस कमिश्नर विवेक फणसलकर ने बताया कि मुंबई ट्रैफिक पुलिस के वॉट्सऐप हेल्पलाइन नंबर पर शुक्रवार रात करीब पौने बारह बजे धमकी भरे मैसेज आए। इनमें लिखा हुआ था कि मुंबई में 26/11 जैसा हमला करके शहर को उड़ा दिया जाएगा। इनमें 26/11 हमले में शामिल आतंकवादी अजमल कसाब और अल कायदा से जुड़े रहे अल जवाहिरी का भी जिक्र था।

## मुंबई के लिए संपत्ति कर में संभावित बढ़ोतरी एक साल के लिए टली, सीएम शिंदे की घोषणा

**मुंबई :** आगामी बीएमसी चुनावों पर नजर रखते हुए, सीएम एकनाथ शिंदे ने घोषणा की कि मुंबई के लिए संपत्ति कर में की जाने वाली संभावित वृद्धि को एक और वर्ष के लिए टाल दिया गया है. शिंदे ने कहा कि बीएमसी अधिनियम के अनुसार, संपत्ति कर को हर पांच साल में संशोधित किया जाता है, लेकिन महामारी के कारण 2020 में संशोधन में देरी हुई, और इसे इस साल संशोधन किया जाना था. शिंदे ने विधानसभा में कहा, ''मुझे कई विधायकों से अनुरोध मिला है कि इस साल बढ़ोतरी को लागू नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि यह 16-20% हो जाएगा, इसलिए मैंने बीएमसी आयुक्त को एक साल के लिए बढ़ोतरी टालने का निर्देश दिया है.'' पिछली बार संपत्ति कर 2015 में संशोधित किया गया था.

शिंदे ने उल्हासनगर में अवैध इमारतों को नियमित करने के लिए 2006 की नीति में बदलाव की भी घोषणा की. उन्होंने कहा कि एसीएस, राजस्व के तहत एक समिति का गठन 2021 में किया गया था, और इसकी रिपोर्ट प्राप्त हो गई है और सैद्धांतिक रूप से राज्य द्वारा अनुमोदित है. रिपोर्ट में दिए गए सुझावों के अनुसार, वसूला



जाने वाला प्रीमियम 2,200 रुपये प्रति वर्ग मीटर किया गया है, जो पहले रेडी रेकनर दर का 10-20% था. सीएम ने कहा, ''पैनल ने यह भी सुझाव दिया है कि नियमितीकरण की समय सीमा 1 जनवरी 2005 के अलावा 31.12.2021 होनी चाहिए. प्रीमियम में कमी और अतिरिक्त एफएसआई की अनुमति से पॉलिसी शुरू हो जाएगी.'' उन्होंने कहा कि राज्य भूमि स्वामित्व के मुद्दों को आसान बनाने में मदद करेगा. सीएम ने आरे में मेट्रो 3 कार शेड का समर्थन करते हुए कहा कि यह साइट कम से कम पर्यावरण के लिए हानिकारक है. बकौल सीएम शिंदे ''आरे 1,245 हेक्टेयर में फैला हुआ है और शेड के लिए केवल 25 हेक्टेयर की आवश्यकता है. आरे में केवल कार शेड ही नहीं आया है; फिल्म सिटी, कृषि विभाग और एमआईडीसी को जमीन दी गई है.

## महाराष्ट्र विधानसभा का मॉनसून सेशन हुआ समाप्त, अब दिसंबर में शुरू होगा शीतकालीन सत्र

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र विधानसभा का मॉनसून सत्र गुरुवार को समाप्त हो गया. विधानभवन के अधिकारियों ने बताया कि नागपुर में शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर से शुरू होगा. बता दें कि मॉनसून सत्र 17 अगस्त से शुरू हुआ था. वहीं भाजपा नेता मोहित कंबोज द्वारा एक सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया गया कि एक वरिष्ठ एनसीपी नेता जल्द ही अपनी पार्टी के सहयोगियों, पूर्व मंत्रियों अनिल देशमुख और नवाब मलिक के साथ जेल में शामिल होंगे, इसको लेकर महाराष्ट्र विधानसभा के मानसून सत्र के पहले ही दिन काफी हंगामा हुआ.

सीएम शिंदे में विधानसभा में आगामी बीएमसी चुनावों पर नजर



रखते हुए, घोषणा की कि मुंबई के लिए संपत्ति कर में की जाने वाली संभावित वृद्धि को एक और वर्ष के लिए टाल दिया गया है. शिंदे ने कहा कि बीएमसी अधिनियम के अनुसार, संपत्ति कर को हर पांच साल में संशोधित किया जाता है, लेकिन महामारी के कारण 2020 में संशोधन में देरी हुई, और इसे इस साल संशोधन किया जाना था. शिंदे ने उल्हासनगर में अवैध इमारतों को नियमित करने के लिए 2006 की नीति में बदलाव की भी घोषणा की. उन्होंने कहा कि एसीएस, राजस्व के तहत एक समिति का गठन 2021 में किया गया था, और इसकी रिपोर्ट प्राप्त हो गई है और सैद्धांतिक रूप से राज्य द्वारा अनुमोदित है. सीएम ने आरे में मेट्रो 3 कार शेड का समर्थन करते हुए कहा कि यह साइट कम से कम पर्यावरण के लिए हानिकारक है. शिंदे ने कहा कि ''आरे 1,245 हेक्टेयर में फैला हुआ है और शेड के लिए केवल 25 हेक्टेयर की आवश्यकता है. आरे में केवल कार शेड ही नहीं आया है; फिल्म सिटी, कृषि विभाग और एमआईडीसी को जमीन दी गई है.

## 'स्पेशल 26' की स्टाइल में व्यापारी के घर में घुसे चोर, दिखाया वारंट और लूट ले गए लाखों

**नई दिल्ली:** चोरो ने चोरी और लूट के लिए एक अब एक नया तरीका अपना है. शातिर चोर अपने मंसूबों को अंजाम देने के लिए अब फिल्मी स्टाइल अपना रहे हैं. पिछले कुछ वक्त में देश के अलग अलग शहरों में फिल्म की तर्ज पर लूट की कई घटनाएं सामने आई है. शुक्रवार को एक एक ऐसी एक घटना आर्थिक नगरी मुंबई से सामने आई. यहां कुछ चोर इनकम टैक्स अधिकारी बनकर एक व्यापारी के घर में घुसे और लाखो रुपये लूट कर चले गए. जानकारी के अनुसार मुंबई के एक व्यापारी के घर पर कुछ लोग फॉर्मल ड्रेस में पहुंचे. उस समय घर पर सिर्फ व्यापारी की मां मौजूद थीं. व्यापारी और उसकी पत्नी घर से बाहर थे. शातिर चोरों ने बुजुर्ग महिला को अपना फेक आईडी कार्ड दिखाया और खुद को आयकर अधिकारी बताया. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चोरों ने महिला को नकली वारंट भी दिखाया. चोरों ने व्यापारी की मां को तलाशी का वारंट दिखाया और



घर पर तलाशी करने लगे. उन्होंने लॉकर से एक लाख नकद रुपये बरामद किए. वे लोग तलाशी ले रहे ते तभी व्यवसायी की पत्नी घर लौट आई. चोरों ने महिला का फोन ले लिया और उससे कहा कि इस छापेमारी की जानकारी ई मेल के द्वारा भेजी जाएगी.

पूरे घर की तलाशी लेने के बाद चोरों ने महिला को फोन वापस कर दिया और वहां से भाग निकले. इसके बाद महिला ने इस पूरी घटना की जानकारी अपने पति को दी. व्यापारी ने इस संबंध में जब आयकर कार्यालय फोन किया तो उन्हें पता चला की ऐसी किसी कार्रवाई के निर्देश नहीं दिए गए और न ही कोई छापेमारी की गई.

इसके तुरंत बात व्यापारी ने इसकी पूरी जानकारी पुलिस को दी और शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी फुटे के आधार पर उस कार मालिक को पकड़ा जिसमें चोर आए थे. मामले की जांच करने के बाद खुलासा हुआ कि इस पूरी घटना के पीछे घर में काम करने वाली महिला था और उसी ने उस गिरोह को घर में नकदी के बारे में सूचना दी थी.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैजल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नंबर 3-4, अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नंबर 12, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई - 63 से छपवाकर रूम नंबर 15 रमजान बिन 17- सी, वंजावडी, माहिम (वेस्ट), मुंबई - 400016 से प्रकाशित किया . संपर्क कार्यालय 1 ए, ग्राउंड फ्लोर, साहिल मेन्शन, बालमिया लेन, माहिम (वेस्ट), मुंबई - 400016.
मोबाइल नंबर 9987775650 व्हाट्सएप नंबर 9987775650 ईमेल- editor@rokthoklekhaninews.com -किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मुंबई होगा!